प्रेस नोट 12.07.2021

03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 12.07.2021 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना **चिरैयाकोट** पुलिस द्वारा धार्मिक उन्माद भडकाने मामले में पंजीकृत मु0अ0सं0 105/21 धारा 153ए,295 भादवि0 व 67 आइटी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण शाजिद पुत्र सलाम, अफताब पुत्र मुस्ताक निवासीगण छपरा चकबदरूद्दीनपुर थाना चिरैयाकोट, थाना **दक्षिणटोला** पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 116/21 धारा 353,244 भादवि0 में वांछित अभियुक्त राशिद अहमद पुत्र फिरोज अहमद निवासी शाही कटरा थाना कोतवाली जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

54 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब बरामद, 02 गिरफ्तार–

दिनांक 11.07.2021 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना **रानीपुर** पुलिस द्वारा शमसादबाद से बंगाली राम पुत्र स्व0 हसंराज निवासी याकुबपुर थाना रानीपुर जनपद मऊ के कब्जे से 24 लीटर अवैध कच्ची शराब, थाना **चिरैयाकोट** पुलिस द्वारा कमालचक पुलिया के पास से अब्दुल हसन पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी रसूलपुर रौजा थाना चिरैयाकोट के कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना सम्बन्धित पर धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

शांति भंग की आशंका मे 32 व्यक्ति गिरफ्तार–

आज दिनांक 12.07.2021 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना **हलधरपुर** पुलिस द्वारा रामसदन, रोशन निवासीगण नेरूडीह, लालबहादुर, राजेश यादव, राहुल यादव, सोनू यादव, कोमल यादव, अजीत यादव, हरेराम, सुनील, अवधेश, मुन्ना, इन्द्रासन, गोविन्द निवासीगण पीपरसाथ खिल्ला थाना हलधरपुर, थाना **कोपागंज** पुलिस द्वारा मंजुलाल, मनोज, गोविन्दा, दुलारे, सुरेन्द्र, संजय, गोविन्दा, राजू, प्रकाश, बिरजू, किशोर निवासीगण धवरियासाथ थाना कोपागंज, थाना **मुहम्मदाबाद** पुलिस द्वारा मूमताज, शकील अहमद, मुख्तार अहमद, निजामुद्दीन निवासी वलीदपुर थाना मुहम्मदाबाद, कुश यादव निवासी सम्भोपुर थाना रानीपुर, राजेश चौहान, अखिलेश निवासीगण कायस्थटोला थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

थाना रामपुर क्षेत्रान्तर्गत एक नई पुलिस चौकी ढढ़वल का उद्घाटन-

अपराध पर प्रभावी नियंत्रण व जनता के बीच और भी बेहतर संवाद स्थापित किये जाने के क्रम में आज दिनांक 12.07.2021 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सुशील घुले द्वारा थाना रामपुर अंतर्गत पुलिस चौकी ढढ़वल का उद्घाटन किया गया। पुलिस चौकी ढढ़वल में कुल 07 ग्रामसभा और 20 गांव आते है, नई पुलिस चौकी के माध्यम से क्षेत्र के लोगों के बीच और भी त्वरितगति से पुलिस सेवा पहुचाने में मदद मिलेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मधुबन श्री अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी रामपुर श्री राजकेशर सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।